# सामान्य निर्वाचन को सकुशल सपन्न कराने हेतु जोनल सेटर मजिस्ट्रेटों की हुई तैनाती

## अपर जिलाधिकारी/उप जिलानिर्वाचन अधिकारी ने बताया यह आदेश तत्काल प्रभाव से हुआ लागू

तेजयुग न्यूज

**अयोध्या :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अधिकारियों की ड्युटी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में लगाते हुए निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से समन्वय स्थापित कर मतदान दिवस के दिन सतत भ्रमणशील रहकर निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करायेंगे। जिलाधिकारी/जिलानिर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि विधानसभा-271 रूदौली थाना पटरंगा का जोनल मजिस्ट्रेट रवीन्द्र सिंह खरोला उपायुक्त राज्य कर को बनाया है। पुलिस चैकी भवानीपुर बाबा बाजार में जोनल मजिस्टेट संजय कुमार त्रिपाठी उपनिदेशक कृषि, थाना रूदौली में जोनल मजिस्टेट रोहित अग्रवाल अधि0अभि0 उ0प्र0 राज्य सेतु निगम, पुलिस चैकी शुजागंज में जोनल मजिस्टेट डा0 सत्यव्रत सिंह सह0 प्राध्यापक कृषि विवि को बनाया गया है। तथा सभी जोनल मजिस्टेट के साथ कई सेक्टर मजिस्टेट लगाये गये है। इसी क्रम में विधानसभा-273 मिल्कीपुर में महात्मा गांधी इंटर कालेज अमानीगंज में डा0 आर0आर0 कुशवाहा, रामचरन स्मारक इंटर कालेज कुमारगंज में आनन्दकर पांडेय उप शिक्षा निदेशक नवम मण्डल अयोध्या, प्राथमिक विद्यालय इनायतनगर में विजय कुमार वर्मा अधि0अभि0 नलकूप निर्माण खण्ड, प्राथमिक विद्यालय पलिया लोहानी में संजय कुमार सिंह अधि0अभि0 बाढ़ कार्य खण्ड को जोनल मजिस्टेट बनाया गया है। तथा इन सभी के साथ सेक्टर मजिस्टेट को लगाया गया है। विधानसभा 274-बीकापुर में पुलिस चौकी सत्ती चौरा में आमोद कुमार अधि0अभि0 भूगर्भ जल विभाग, थाना रौनाही मोहित कुमार अधि0अभि0 उ0प्र0 राज्य सेतु निगम, थाना पूराकलन्दर में रजनीश कुमार गौतम अधि0अभि0 सिंचाई, पुलिस चैकी भदरसा में ज्ञानेन्द्र माणि त्रिपाठी, पुलिस चौकी शाहगंज में ध्रुव अग्रवाल, कोतवाली बीकापुर में आनन्द कुमार दुबे को जोनल मजिस्टेट बनाया गया है तथा इन सभी के साथ सेक्टर मजिस्टेट को लगाया गया है। विधानसभा 275-अयोध्या में थाना कैंट अयोध्या में अखिलेश कुमार अधिशाषी अभियन्ता विद्युत यांत्रिक खण्ड, कोतवाली नगर (फैजाबाद) में प्रशांत कुमार सिंह उपायुक्त वाणिज्य कर, कोतवाली अयोध्या में डा0 उमापति एसोसिएट प्रोफेसर, कार्यालय सहायक कृषि विपणन अधिकारी में डा0 मनीष कुमार सिंह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरायरासी डा0 आशुतोष त्रिपाठी, बच्चूलाल इंटर कॉलेज पूरा बाजार में राजेन्द्र सिंह विष्ट को जोनल मजिस्टेट बनाया गया है तथा इन सभी के साथ सेक्टर मजिस्टेट को लगाया गया है। विधानसभा-276 गोसाईगंज में के0के0ए0डी0 इंटर कालेज मजरूद्दीनपुर में डा0 सत्येन्द्र कुमार मौर्य, पुलिस थाना हैदरगंज में डा0 हरनाम सिंह लोधी, पुलिस थाना तारुन में डा0 समरेन्द्र बहादुर सिंह, पुलिस थाना महराजगंज में डा0 कुमुद रंजन, पुलिस थाना गोसाईगंज में देवव्रत पवार को जोनल मजिस्टेट बनाया गया है तथा इन सभी के साथ सेक्टर मजिस्टेट को लगाया गया है। इसके अलावा 10 आरक्षित जोनल मजिस्टेट व 25 आरक्षित सेक्टर मजिस्टेट को लगाया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माना जायेगा। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत के लिए किया ऐप लॉन्च

**अयोध्या:** भारत निर्वाचन आयोग ने वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण के लिए ऑनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया है। जिलाधिकारी/जिलानिर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि ऐप पर चुनाव की घोषणा की तिथि से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता अपनी शिकायत अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया है कि सी-विजिल एप का प्रयोग करने के लिए स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से ऐप में लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जीआईएस आधारित ऐप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के 100 मिनट के अंदर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी उसी ऐप के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे।

# श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में मोबाइल ले जाने का मामला गरमाया

## प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री और चंपत राय को हिन्दू महासभा देगी ज्ञापन

तेजयुग न्यूज

**अयोध्या :** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने श्रीराम जन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठित भगवान राम लला विराजमान मंदिर के अंदर की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठित होने के साथ ही मंदिर परिसर में मोबाइल के जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। कोई व्यक्ति कितना ही वीआईपी अथवा वीवीआईपी क्यों न हो , वो मंदिर परिसर में मोबाइल नहीं ले जा सकता। मोबाइल प्रतिबंधित होने के बावजूद अक्सर मंदिर परिसर के अंदर की वीडियो दर्शनार्थी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं जो चिंता का विषय है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने यह जानकारी दिया है।



हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी से अपनी चिंता को फोन के जरिये साझा किया। अधिवक्ता श्री मिश्र ने कहा कि मोबाइल प्रतिबंधित होने के बावजूद विडियो रील बनाने के लिए मोबाइल का मंदिर परिसर में पहुंचना अनेक यक्ष प्रश्नों को जन्म देता है , जिनका समाधान सार्वजनिक करना अति आवश्यक है। मोबाइल का मंदिर परिसर में पहुंचना सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा सिद्ध हो सकता है। सुरक्षा व्यवस्था को भेदे बिना किसी के लिए भी संभव नहीं है। यदि ऐसा है तो आतंकवादी, अतिवादी, विधर्मी और जेहादी तत्व सुरक्षा व्यवस्था की इस कमजोरी का लाभ उठाकर मंदिर पर संहारक हमला कर सकते हैं। इस गंभीर विषय पर प्रशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था पर सतर्क होने और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरुरत है।

अधिवक्ता मिश्र ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी से फोन वार्ता में संभावना व्यक्त करते हुए कहा कि हो सकता है कि कड़े प्रतिबंध होने के बावजूद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने विशेष चहेतों को मोबाइल मंदिर परिसर में ले जाने की अघोषित छूट प्रदान की हो , जिसका लाभ उठाकर दर्शनार्थी मंदिर परिसर के अंदर का विडियो बनाकर वायरल कर प्रसिद्धि लूटने का प्रयास करते हैं । यदि ऐसा है तो यह श्री राम भक्तों के साथ दोहरा मापदंड है, जो ट्रस्ट के भेदभाव की नीति को दर्शाता है। इस नीति को हिन्दू महासभा किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेगी और ट्रस्ट आलाकमान से भेदभाव की इस नीति पर तुरंत लगाम लगाने की मांग करती है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बताया कि अधिवक्ता श्री मिश्र से फ़ोन पर बातचीत के बाद हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने इस प्रकरण पर संज्ञान लेने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय को ज्ञापन देने की घोषणा किया है।

## संत मरिया महा गिरजाघर में क्रिज्म मिस्सा संपन्न की गई



तेजयुग न्यूज

**रांची :** राजधानी के पुरूलिया रोड स्थित संत मारिया महा गिरजाघर में मंगलवार को नए महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद की अगुवाई में क्रिज्म मिस्सा बलिदान संपन्ना की गई। क्रिज्म मिस्सा कैथोलिक कलीसिया में सभी पुरोहितों के लिए एकता, धर्माध्यक्ष के प्रति आज्ञाकारिता व समर्पण का प्रतीक हैं। मौके पर 300 से अधिक पुरोहितगण उपस्थित थे। रांची के सभी पुरोहितों ने आर्चबिशप विंसेंट आंइन्द के समक्ष अपने पुरोहिताई कर्त्तव्यों का नवीनीकरण किया।पवित्र समारोह में पवित्र तेलों की आशीष की गई। (तीन प्रकार के पवित्र तेल) कैथोलिक कलीसिया में प्रत्येक वर्ष पस्का पर्व के पहले पुण्य सप्ताह में तीन प्रकार के पवित्र तेलों में आशीष की जाती हैं। जिनमें दीक्षार्थियों का तेल, पवित्र विलेपन का तेल और बीमारों का तेल शामिल हैं। मौके पर पवित्र तेलों को फादर अमित डुंगडुंग, फादर बिपिन टोपनो और फादर असीम मिंज ने महाधर्माध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत किया। यह अनुष्ठान प्रत्येक धर्मप्रांत के महागिरजाघर में सम्पन्न होती है। आर्चबिशप विंसेंट आंइन्द ने अपना कार्यभार संभलने के बाद पहली बार रांची के सभी पुरोहितों के साथ क्रिज्म मिस्सा संपन्न किया।

# संरक्षित कृषि स्ट्रक्चर पर बीएयू को मिला ट्रेडमार्क

तेजयुग न्यूज

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन प्रौद्योगिकी के प्रयोग से अब गुणवत्तायुक्त सब्जियों का सालों भर लाभकारी और टिकाऊ उत्पादन किया जा सकता है। भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के पेटेंट्स, डिजाइंस और ट्रेडमार्क्स महानियंत्रक के कार्यालय ने बीएयू द्वारा विकसित अस्थाई शेड नेट स्ट्रक्चर को इसके विशिष्ट डिजाइन के लिए ट्रेडमार्क स्वीकृत कर दिया है। छत विस्थापित पोली हाउस को ट्रेडमार्क प्रदान किए जाने संबंधित आवेदन को महानियंत्रक द्वारा प्रोसेसिंग के लिए स्वीकार कर लिया गया है।

बीएयू में आईसीएआर के सहयोग से चल रही कृषि संरचनाओं और पर्यावरण प्रबंधन में प्लास्टिक अभियांत्रिकी संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ प्रमोद राय ने लगभग एक दशक के अनुसंधान और प्रयोग के बाद दोनों प्रौद्योगिकी विकसित की है। डॉ प्रमोद राय ने बताया कि खेती वाली सब्जियों की उत्पादकता और गुणवत्ता आनुवंशिक सामग्री, फसल प्रबंधन और सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन द्वारा प्रभावित होती है। मृदा एवं वायु तापक्रम, प्रकाश



गहनता एवं गुणवत्ता, सापेक्षिक आद्रता, कार्बन डाइऑक्साइड आदि सूक्ष्म जलवायु पैरामीटर का प्रबंध संरक्षित कृषि तकनीक से होता है। संरक्षित कृषि स्ट्रक्चर का चयन खेती की जाने वाली सब्जी की लाभप्रदता, टीकाऊपन, स्थिर लागत, संचालन लागत और कार्बन फुटप्रिंट को प्रभावित करता है।

मिट्टी और हवा के उच्च तापक्रम तथा प्रकाश की तीव्रता के कारण गर्मी के महीना मार्च से मई के दौरान टमाटर और शिमला मिर्च की खेती में बहुत समस्याएं आती हैं। सनबर्न के कारण उत्पादित फल का 50% से अधिक प्रभावित हो जाते हैं। गर्मी के महीनों में स्थाई ढांचे वाले शेड नेट में टमाटर और शिमला मिर्च की खेती करके समस्या को कम किया जा सकता है। किंतु इस स्ट्रक्चर में जून से फरवरी के दौरान प्रकाश गहनता वंछित स्तर से कम रहती है इसलिए अस्थाई शेड नेट स्ट्रक्चर मार्च से मई के दौरान इसकी उपयोगिता बढ़ा देता है। इसके प्रयोग से खुले खेत में खेती की तुलना में सब्जियों की विपणन योग्य गुणवत्ता कम से कम 50% और उत्पादकता 30 से 40% बढ़ जाती है। ग्रीन हाउस प्रभाव के कारण गर्मी के मौसम में प्राकृतिक रूप से वेंटीलेटेड पोली हाउस में मिट्टी और हवा का तापक्रम तथा प्रकाश की तीव्रता काफी उच्च होती है। प्राकृतिक वेंटिलेशन को सालों भर खेती के अनुकूल बनाने के लिए इसे कम करना आवश्यक है। प्राकृतिक वेंटीलेटेड पोली हाउस का प्रयोग साल में सामान्यत 8 से 9 महीना ही हो पाता है। बीएयू द्वारा विकसित छत विस्थापित पोली हाउस का निर्माण बांस और आवरण सामग्री से किया जा सकता है। छत छोड़कर पूरा स्ट्रक्चर यूवी स्टेबलाइज कीड़ा रोधी सामग्री से आच्छादित रहता है जबकि छत बारिश और गर्मी के मौसम में यूवी स्टेबलाइज्ड फिल्म (200 माइक्रोन) से तथा जाड़े के मौसम में शेड नेट सामग्री (हरी, 35-50%) से अच्छादित रहता है। यह विकसित स्ट्रक्चर नवंबर से फरवरी तक पोली हाउस, जून से अक्टूबर तक रेन शेल्टर तथा मार्च से मई तक शेड नेट के रूप में कार्य करता है। यह मृदा एवं वायु तापक्रम तथा प्रकाश की तीव्रता घटकर पोली हाउस को सालों भर खेती के लिए उपयुक्त बनता है जिससे सब्जी उत्पादों की लाभप्रदता बढ़ती हैतथा कार्बन फुटप्रिंट घटता है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने झारखंड के छोटे किसानों के हित में हुए इस तकनीकी आविष्कार पर प्रधान अन्वेषक डॉ प्रमोद राय तथा एसोसिएट डीन डीके रूसिया को बधाई दी है।

## सदर अस्पताल में मनमानी पार्किंग शुल्क

# हॉस्पिटल कैंपस में पार्किंग के लिये 5.5 लाख रुपये में दिया गया ठेका



तेजयुग न्यूज

**रांची :** स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सदर हॉस्पिटल सुपरस्पेशियलिटी का निर्माण कराया। वहां पर मरीजों को हाईटेक इलाज के साथ सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग का हॉस्पिटल का पूरा कैंपस महज 5.5 लाख रुपये में बेच दिया है। जी हां, पार्किंग के लिए सदर का पूरा कैंपस ही ठेकेदारों को दे दिया गया है वह भी एक साल के लिए। अब ठेकेदार कैंपस में आने वाले लोगों से मनमाने तरीके से पार्किंग चार्ज वसूल रहे है। इतना ही नहीं इस चक्कर में कैंपस में आने वालों से कहासुनी तो आम हो गई है। कई बार विवाद इतना बढ़ जा रहा है कि ठेकेदार गाड़ियों को रोक ले रहे है। मनमाना चार्ज लेने के बाद ही गाड़ियों को छोड़ा जा रहा है। गाड़ियों के मालिक से बदसलूकी करने से भी वे बाज नहीं आ रहे है।सदर हॉस्पिटल सुपरस्पेशियलिटी में बड़ी पार्किंग बनाई गई है। लेकिन यह पार्किंग केवल डॉक्टरों और स्टाफ के लिए रिजर्व रखा गया है। जबकि शुरूआत में केवल अंडरग्राउंड पार्किंग के लिए टेंडर किया गया था। जिससे कि गाड़ियां कैंपस में नहीं रहती।

सभी को बेसमेंट पार्किंग में ही गाड़ियां लगानी थी। लेकिन चढ़ावा के चक्कर में अधिकारियों ने पूरा कैंपस ही ठेकेदार को सौंप दिया। अब तो कैंपस में घुसते ही वे चार्ज वसूल लेते है। फिर काम चाहे चंद मिनटों का हो या फिर घंटों का।सिविल सर्जन ऑफिस से लेकर सदर कैंपस पूरा एक है। कैंपस में घुसते ही ठेकेदार के आदमी पार्किंग चार्ज की पर्ची थमा देते है। इसमें बाइक के लिए प्रति घंटे दस रुपए चार्ज है। वहीं कार व अन्य छोटे वाहनों के लिए पार्किंग चार्ज प्रति घंटे 20 रुपये वसूला जा रहा है। जबकि रांची नगर निगम ने पूरे शहर में पार्किंग के लिए सबसे न्यूनजत चार्ज निर्धारित किया है। जिसके तहत 5 रुपये में टू व्हीलर तीन घंटे पार्क कर सकते है। वहीं कार के लिए 20 रुपये प्रति तीन घंटे निर्धारित है। इतना ही नहीं शुरूआत के दस मिनट सभी के लिए फ्री है।सदर हॉस्पिटल का पूरा कैंपस ठेकेदार को बेच दिए जाने के पीछे सिविल सर्जन के अलग-अलग तर्क है। उनका कहना है कि इससे हॉस्पिटल को एकमुश्त 5।5 लाख रुपये मिल गए है। जिसका इस्तेमाल हम मरीजों के हित में कर सकते है। वहीं कैंपस में बेवजह गाड़ियों की भीड़ भी नहीं लगेगी। इसके अलावा जो भी आएंगे उन्हें चार्ज तो देना पड़ेगा। चूंकि पहले कॉलेज के स्टूडेंट्स ने कैंपस को ही पार्किंग बना दिया था। अब कैंपस में भीड़ भी नहीं होती। वहीं ज्यादा चार्ज पर उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पर विचार करते हुए कम कराया जाएगा।

### नगर निगम अब सख्ती बरतने की तैयारी में

# नगर निगम की अपील, डस्टबिन में ही डालें कचरा, शहर को बनाएं स्वच्छ

तेजयुग न्यूज

**रांची :** अगर आप भी कचरा डस्टबिन में नहीं डालते है तो अपनी इस आदत को बदल डालिए। चूंकि राची नगर निगम अब सख्ती बरतने की तैयारी कर रहा है। जिसके तहत इधर-उधर कचरा डालने वालों पर एक्शन होगा। वहीं उन पर एक्ट के तहत कार्रवाई और फाइन भी लगाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक अभियान चलाया जा रहा है। वहीं लोगों से रांची नगर निगम अपील भी कर रहा है कि लोग कचरा अलग-अलग डस्टबिन में ही डालें। साथ ही यह कहा जा रहा है कि शहर को साफ और स्वच्छ बनाने में हर किसी की



भागीदारी जरूरी होगी।नगर निगम की ओर से बनाया जा रहा झिरी प्लांट जल्द ही शुरू होने वाला है। इसके पहले चरण का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। वहीं प्लांट के लिए गीला कचरा भेजने का काम भी शुरू कर दिया गया है। नगर निगम के अधिकारियों की मानें तो इसी महीने से प्लांट काम करना शुरू कर देगा। 150 टन का एक प्लांट लगभग पूरा तैयार हो चुका है। इससे शहर में लोगों को कचरे से मुक्ति मिलेगी। साथ ही झिरी डंपिंग यार्ड के आसपास रहने वाले लोगों को भी राहत मिल जाएगी। बता दें कि झिरी में 300 टन के कचरा डिस्पोजल के लिए प्लांट बनाया जाना है। दोनों प्लांट 150-150 टन कैपासिटी के होंगे। इसमें एक प्लांट का काम पूरा हो चुका है। इसे 25 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। एक और प्लांट भी 25 करोड़ में ही तैयार किया जाएगा।

## भारत का तीसरा विश्वविद्यालय है झारखंड रक्षा शक्ति विवि




तेजयुग न्यूज

**रांची :** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय भारत का तीसरा रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना 2017 में की गयी है। इससे पहले भारत के दो राज्यों में ही रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय थी। एक राजस्थान में दूसरा गुजरात में। तीसरा रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय झारखंड की राजधानी रांची में खोला गया। इस विश्वविद्यालय में वर्तमान समय में 9 विषयों की पढ़ाई हो रही है। हालांकि इस विश्वविद्यालय में अभी स्थायी कुलपति नहीं हैं। झारखंड उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के सचिव राहुल पुरवार हैं।झारखंड के आरक्षी भर्ती में इस विश्वविद्यालय के छात्रों को 10-15 अंकों की छूट मिलती है। इस विश्वविद्यालय के शिक्षक और इस्ट्रक्टर छात्रों को पढ़ाई, शारीरिक प्रशिक्षण और अन्य गतिविधि सिखायी जाती है। जो एनडीए और सीडीएस जैसी बहालियों में काम आता है। इस विश्वविद्यालय में कैंपस से नौकरी भी लगती है। प्रत्येक साल छात्रों का कैंपस सेलेक्शन भी होता है। कैंपस के लिए कई कंपनियां विश्वविद्यालय आती है।

### राज्य में आनेवाले दिनों में मौसम में बदलाव जारी रहेगा

# 30 मार्च को राज्य में बारिश की संभावना

- 29 मार्च तक राजधानी का मौसम साफ और शुष्क रहेगा
- 31 मार्च और 1 अप्रैल को राजधानी का मौसम साफ रहेगा

तेजयुग न्यूज

**रांची :** राज्य में आनेवाले दिनों में मौसम में बदलाव जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से इस संबध में जानकारी दी गयी है। केंद्र की मानें तो 28 और 29 मार्च को राज्य का मौसम साफ रहेगा। इस दौरान तापमान में पांच डिग्री तक की वृद्धि होगी। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। जबकि 30 और 31 मार्च को राज्य के कुछ



हिस्सों में बारिश होगी। इनमें दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य हिस्से शामिल हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इन हिस्सों को छोड़ कर राज्य के अन्य जिलों में इस दौरान आंशिक बादल छाये रहेंगे। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। जबकि 30 और 31 मार्च को रांची, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, हजारीबाग, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम समेत अन्य हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान बारिश के साथ ही कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चलने की जानकारी दी गयी है।

राजधानी रांची की बात करें तो 29 मार्च तक राजधानी का मौसम साफ और शुष्क रहेगा। 30 मार्च को राजधानी में आंशिक बादल छाये रहेंगे। इसके साथ ही दोपहर बाद ओलावृष्टि और वज्रपात की भी संभावना है। 31 मार्च और 1 अप्रैल को राजधानी का मौसम साफ रहेगा।तापमान की बात करें तो 1 अप्रैल तक न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और औसतन अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

## लाचार और जरुरतमंदों की सेवा से प्रसन्न होते है भगवान

**रांची :** होली एव गुरू महाराज के जनसेवा के 52 वर्ष पुर्ण होने के उपलक्ष्य मे 141 वाँ नि :शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद का वितरण भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर कियाएमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राँची एवम स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा राँची के सयुंक्त तत्वाधान मे संस्था के बच्चों एव बडो की शादी की सालगिरह के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, शिवभगवान अग्रवाल, बिष्णु सोनी,सुरेश चौधरी के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ,जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 141 वें नि :शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

## उपायुक्त ने की पोस्टल बैलट के जरिये मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैठक

**रांची :** रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट के जरिये मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा डाक मतपत्र संबंधित सभी बारिकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। संबंधित विभागों की ओर से उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।